C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 293 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 30 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा योजना-2026 जल्द शुरू, 56 हजार यात्रियों को मिलेगा लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए धार्मिक स्थलों की यात्रा का सपना साकार करने वाली 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026' को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। देवस्थान विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को पोर्टल में आवश्यक बदलाव कर जल्द से जल्द ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सरकार की ओर से निःशुल्क देश-विदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी। इस वर्ष करीब 50 हजार यात्रियों को ट्रेन से विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे, जबकि 6 हजार चयनित यात्रियों को हवाई यात्रा के माध्यम से नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर ले जाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा का अवसर उपलब्ध कराना है।



ट्रेन यात्रा के अंतर्गत हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी, सारनाथ, मथुरा, वृंदावन, द्वारका, सोमनाथ, तिरुपति, कामाख्या, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम, वैष्णो देवी, अमृतसर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, बिहार शरीफ, पटना साहिब और नांदेड़ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल शामिल किए गए हैं। आवेदन के दौरान आवेदक अपनी पसंद के तीन स्थलों का चयन कर सकेंगे।

हवाई यात्रा के लिए चयनित यात्रियों को काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। इसके लिए पहले यात्रियों को जयपुर से बस द्वारा दिल्ली ले जाया जाएगा और वहां से विमान के माध्यम से नेपाल भेजा जाएगा। पूरी यात्रा राज्य सरकार की तय व्यवस्थाओं के तहत करवाई जाएगी।

योजना में यात्रा का संपूर्ण खर्च सरकार वहन करेगी। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, अनुरक्षक और सरकारी अधिकारी साथ रहेंगे। ट्रेन के प्रत्येक कोच में व्यवस्था संभालने के लिए स्टाफ तैनात रहेगा, जबकि हवाई यात्रा में भी अनुरक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। यात्रियों को केवल अपने घर से निर्धारित रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट तक पहुंचने का खर्च स्वयं वहन करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के दौरान आवेदकों को मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिसमें सरकारी चिकित्सक द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण होना चाहिए। इसके अलावा दो आपातकालीन संपर्क व्यक्तियों के नाम और मोबाइल नंबर भी देने होंगे।

यदि आवेदन संख्या अधिक होती है, तो जिला स्तर पर कंप्यूटराइज्ड लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। चयनित यात्रियों की सूची जिला कलेक्टर कार्यालय और देवस्थान विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। चयनित व्यक्ति के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति यात्रा नहीं कर सकेगा।

योजना में आवेदक अपने जीवनसाथी या सहायक को साथ ले जा सकता है। 70 वर्ष से अधिक आयु होने पर सहायक साथ ले जाने की अनुमति होगी, जिसकी आयु 21 से 50 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। हालांकि, पति-पत्नी दोनों साथ यात्रा करने पर अलग से सहायक की सुविधा नहीं दी जाएगी।

योजना के प्रभावी संचालन और निगरानी के लिए राज्य सरकार ने 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता मंत्री जोराराम कुमावत करेंगे। समिति में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं, जो यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर नजर रखेंगे।

## ANTF की बड़ी कार्रवाई, 2.147 किलो डोडा चूरा व 146 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### भागने की कोशिश नाकाम, घेराबंदी कर दबोचे गए नशा तस्कर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एएनटीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। अजमेर चौराहे के पास दबिश देकर पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.147 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा और 146 ग्राम अफीम बरामद की है।

ए.एन.टी.एफ उप-महानिरीक्षक पुलिस अभिजीत सिंह ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में भीलवाड़ा एएनटीएफ टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि अजमेर चौराहे के पास एक लोहे की केबिन के पीछे दो संदिग्ध युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़े हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने सुभाष नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने लगे, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उनका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर दोनों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग से छुपाकर रखा गया अवैध डोडा चूरा और अफीम बरामद हुई। मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज सुथार (निवासी गोशाला बास, सरदारशहर, जिला चूरू) और रणवीर राजपुरोहित (निवासी मोमासर, श्रीडूंगरगढ़, जिला बीकानेर) के रूप में हुई है।

पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे तस्करी के पूरे नेटवर्क और सप्लाई चैन का खुलासा होने की संभावना है।

कार्रवाई में एएनटीएफ चौकी भीलवाड़ा के सहायक उप निरीक्षक अयुब खां सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही।

## अंधविश्वास का दंश : 3 साल के मासूम को गर्म सरिए से दागा, हालत नाजुक

### उल्टी-दस्त पर इलाज के बजाय भोपा के पास ले गए परिजन; हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिले में अंधविश्वास का एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां इलाज के बजाय झाड़-फूंक के चक्कर में एक 3 साल के मासूम की जिंदगी खतरे में पड़ गई। उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर परिजन बच्चे को भोपा के पास ले गए, जहां उसके सीने और पेट पर गर्म सरिए से डाम (दाग) लगा दिया गया।

इस अमानवीय तरीके से बच्चे की हालत सुधरने के बजाय और बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे मंगलवार को महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसे पीडियाट्रिक आईसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार 24 घंटे बाद भी बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि रायपुर थाना क्षेत्र के इस बच्चे को 28 अप्रैल को भर्ती किया गया था। जांच के दौरान उसके सीने और पेट पर जलने के गहरे निशान पाए गए। बच्चे को डायरिया और उल्टी-दस्त की समस्या थी, लेकिन डाम लगाने से संक्रमण का खतरा और बढ़ गया।



डॉक्टरों ने बताया कि इस तरह के अंधविश्वासी उपचार से बच्चों को कोई फायदा नहीं होता, बल्कि हालत और गंभीर हो जाती है। कई मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।

**जागरूकता की जरूरत**

डॉक्टरों का कहना है कि समाज में शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण लोग आज भी ऐसे खतरनाक तरीकों का सहारा लेते हैं। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं और प्रशासन से अपील की है कि इस तरह की कुरीतियों को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि अंधविश्वास के कारण मासूमों की जिंदगी दांव पर लग रही है, जिसे रोकना बेहद जरूरी है।

## बोरखेड़ा के जंगल में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** बोरखेड़ा गांव के जंगल में बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, आग तेज हवा के चलते फैलने लगी, दमकल की मदद से बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया । ग्रामीण ओमेंद्र सिंह ने बताया कि बोरखेड़ा गांव के जंगल में बुधवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी के टैंकरों व कुओं की मोटरें चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा के चलते आग पर काबू नहीं पाया गया और आग तेजी से फैलने लगी । ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल को दी, भीलवाड़ा व मांडलगढ़ से पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । आग से अंग्रेजी बबलू, जनमनी, पेड़-पौधे व छोटे जीव जंतु जलकर राख हो गए ।।

## भीलवाड़ा में 'ब्रांडेड' के नाम पर धोखा: Puma के नकली जूतों-चप्पलों का बड़ा भंडाफोड़, पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर में ब्रांडेड सामान के नाम पर ग्राहकों को ठगने का बड़ा मामला सामने आया है। भीमगंज थाना पुलिस ने सिरकी मोहल्ला स्थित एक दुकान पर छापा मारकर Puma कंपनी के नाम से बेचे जा रहे नकली जूते-चप्पलों का जखीरा बरामद किया है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि मोहम्मद अराफात की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया था कि शहर में नामी ब्रांड की आड़ में नकली और घटिया गुणवत्ता का फुटवियर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।



पुलिस टीम ने बुधवार शाम कंपनी प्रतिनिधि के साथ मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान दुकान से बड़ी मात्रा में नकली लोगो लगे जूते-चप्पल बरामद हुए, जिन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया। शुरुआती जांच में सामने आया कि दुकानदार असली ब्रांड का नाम इस्तेमाल कर ग्राहकों को गुमराह कर रहा था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की गतिविधियों से जहां एक ओर ग्राहकों के साथ सीधा धोखा हो रहा है, वहीं कंपनी की साख को भी नुकसान पहुंच रहा है और सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, शहर के अन्य संदिग्ध प्रतिष्ठानों पर भी नजर रखी जा रही है और जल्द ही और कार्रवाई हो सकती है।



फिलहाल पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ ट्रेडमार्क उल्लंघन और धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद नकली ब्रांडेड सामान बेचने वालों में डर का माहौल है।

## दो गुटों के विवाद के बाद पुलिस की कार्रवाई, 15 जनों को लिया हिरासत में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

थाना क्षेत्र के एक गांव में लड़की को भगा ले जाने के मामले को लेकर बीते दिनों दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरण दर्ज किए हैं। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया।

एएसआई नरेश कुमार सुखवाल ने बताया कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 9 पुरुषों व 6 महिलाओं सहित कुल 15 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और आवश्यक कदम उठाए।

पुलिस ने करीब 50 मौतमबिरों की मौजूदगी में दोनों पक्षों को समझाइश कर आपसी विवाद शांत कराया। साथ ही बुधवार को पुलिस ने पुनः कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

C M Y K

# जन्म प्रमाण पत्र में नाम/मध्य नाम/सरनेम में परिवर्तन के नवीन दिशा निर्देश जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 (संशोधित 2023) एवं राज्य नियम 2000 (संशोधित 2025) के प्रावधानो की पालना करते हुए पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में नाम/मध्य नाम/सरनेम में परिवर्तन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश जारी किए गए।

जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्रीमती सोनलराज ने बताया कि नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार राजस्थान के निवासियों के लिए राजस्थान सरकार के राजपत्र एवं अन्य राज्य के निवासियो के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन के आधार पर ही जन्म प्रमाण पत्र में शिशु के नाम में संशोधन किये जा सकेंगे। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि बच्चे के जन्म प्रमाण में मूल नाम ही अंकित है उनका सरनेम जोडने हेतु उससे संबधित माता/पिता के सरनेम के दस्तावेज/साक्ष्य प्राप्त कर एक शपथ पत्र (पाई पेपर पर) लेकर सरनेम जोड़ा जा सकेगा।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में आवश्यक रख-रखाव कार्य के चलते गुरुवार को कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। सहायक अभियंता एवीवीएनएल राम मिलन यादव ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक 11 केवी कम्युनिटी हॉल फीडर से जुड़े क्षेत्रों- आर.सी. व्यास सेक्टर 2, 3, 4, इंदिरा गांधी कम्युनिटी हॉल, आठ दुकानों के पास का क्षेत्र, निखिल हॉस्पिटल तथा शिवाजी गार्डन के आसपास में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# बंदरिया ने स्कूल में मचाया उत्पात, एक छात्रा को काटा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार सुबह एक बंदरिया ने जमकर उत्पात मचाया, इससे दौरान बंदरिया ने एक छात्रा को काटा लिया । ढ़ेलाणा विद्यालय में जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो एक बंदरिया स्कूल में आ गई, बंदरिया को देखकर बच्चे भयभीत हो गए और बच्चों में चीख-पुकार मच गई । बंदरिया ने एक छात्रा अर्पिता जाट



के हाथ को काट लिया, जिसको बाद में सवाईपुर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करवाया । ग्रामीणों ने बंदरिया को लकड़ी से डराकर भगाया ।।

# बडलियास क्षेत्र में तेज आंधी-बारिश, वैवाहिक कार्यक्रम प्रभावित



**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास।**

कस्बे एवं आसपास के क्षेत्र में बुधवार शाम अचानक मौसम ने करवट ले ली। धीरे-धीरे आसमान में घने बादल छा गए और रात्रि करीब 8 बजे बिजली की चमक, बादलों की गड़गड़ाहट व तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई ।

अचानक बदले मौसम के कारण क्षेत्र में चल रहे वैवाहिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर टेंट भी उड़ गए।

बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन आयोजनों में व्यवधान उत्पन्न हो गया।

# चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखंड क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर शिवसेना उद्धव बाळासाहेब ठाकरे के तहसील प्रमुख रामफूल धाकड़ ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र की चारागाह भूमियों पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे किए जाने से गौवंश सहित अन्य मवेशियों के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही गौशालाओं में रह रहे पशु भी स्वतंत्र रूप से विचरण नहीं कर पा रहे हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने चारागाह भूमि से अवैध कब्जे हटाने तथा उन्हें नियमित नहीं करने के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद क्षेत्र में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

धाकड़ ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में 7 जनवरी को भी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन आज तक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

शिवसेना (यूबीटी) के तहसील प्रमुख रामफूल धाकड़ ने कलेक्टर से मांग की है कि उपखंड क्षेत्र की सभी चारागाह भूमियों का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाए तथा उनके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर भविष्य में दोबारा कब्जा नहीं हो, इसके लिए पाबंद किया जाए।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# भीषण गर्मी-लू से बचाव के लिए सावधानी बरतें: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन से सतर्क रहने और राज्य सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक लू के दुष्प्रभावों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं। विशेष रूप से बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं और बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के लक्षण जैसे बेहोशी या तेज बुखार होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेना जरूरी है। ऐसी स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं या टोल-फ्री





नंबर 108 अथवा 112 पर संपर्क करें, ताकि समय पर सहायता मिल सके।मुख्यमंत्री ने श्रमिकों, किसानों और पशुपालकों से कार्यस्थलों पर विशेष सावधानी बरतने की अपील की। साथ ही आमजन से पशु-पक्षियों के लिए पानी और चारे की व्यवस्था करने में सहयोग करने का भी आग्रह किया।

# महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के 10 वर्ष पूर्ण, गौसेवा को समर्पित भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के महामंडलेश्वर पद पर 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरि सेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में भव्य धार्मिक एवं सेवा आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशक पूर्ति के इस पावन अवसर को आश्रम द्वारा गौ-सेवा को समर्पित किया गया।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी जी से आशीर्वाद लिया तथा गौसेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर निराश्रित गौवंश के लिए पानी की टंकियों का वितरण किया गया और गौमाता को तरबूज का भोग लगाया गया।



लघु उद्योग भारती, राजस्थान के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रवींद्र जाजू ने स्वामी हंसराम उदासीन के 10 वर्षों के कार्यकाल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि आश्रम धार्मिक चेतना के साथ-साथ समाज सेवा और जीव दया का केंद्र बन चुका है।

भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित कार्यक्रम में गौवंश के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टंकियां वितरित की गई, ताकि बेजुबान पशुओं को पानी के लिए भटकना न पड़े। साथ ही गौ-पूजन कर श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से तरबूज का भोग लगाया, जो भावुक और प्रेरक दृश्य रहा।

इस अवसर पर स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि 'पद की सार्थकता सेवा में ही निहित है। सनातन धर्म और जीव मात्र की सेवा का संकल्प निरंतर जारी रहेगा। '

उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल 2016 को सिंहस्थ कुंभ में पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन द्वारा उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई थी। पिछले एक दशक में उनके मार्गदर्शन में धर्म, संस्कार और सेवा के कार्यों को निरंतर गति मिली है।

कार्यक्रम में संत राजाराम, संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी मिहिर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध हथियार सप्लाई गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 हजार का इनामी सरगना गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में अवैध फायर आर्म्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुर थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियार सप्लाई गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी वांछित अपराधी एवं 4747 गैंग के सरगना पुरण गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पूर्व में 23 प्रकरण दर्ज हैं और वह करेडा थाना क्षेत्र का हार्डकोर अपराधी माना जाता है।

पुलिस ने थानाधिकारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की ।

पुलिस ने बताया कि 22 मार्च को एक अल्टो कार की तलाशी के दौरान चालक कैलाश चंद्र जाट के कब्जे से दो पिस्टलनुमा हथियार व चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी के पास किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं मिलने पर उसे गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। जांच के दौरान हथियार सप्लायर भैरूलाल उर्फ भैरू झोपड़ा को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में मुख्य सप्लायर पुरण गुर्जर का नाम उजागर किया।

पुलिस ने तकनीकी व मुखबिर तंत्र की सहायता से फरार चल रहे इनामी आरोपी पुरण गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

एक अन्य कार्रवाई में 27 अप्रैल को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बोरड़ा गांव मार्ग पर संदिग्ध युवक शाहिद खान पठान उर्फ चिंटू को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

दोनों मामलों में पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मठेड़ा प्रजापति समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई 67वीं वर्षगांठ, भव्य शोभायात्रा से हुआ समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के सीताराम जी की बावड़ी के निकट स्थित श्री द्वारिकाधीश मंदिर समिति मठेड़ा प्रजापति समाज की 67वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान द्वारिकाधीश की भव्य शोभायात्रा रही, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष



रतन मांडिवाल और सचिव नारायण लाल कपूरपुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। शोभायात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय द्वारिकाधीश के जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में समाज के युवक-युवतियों द्वारा प्रस्तुत अखाड़ा प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। महिला-पुरुषों की भारी उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। विभिन्न मार्गो से भ्रमण करने के उपरांत शोभायात्रा पुनः द्वारिकाधीश मंदिर पहुँची। यहाँ भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और महाआरती के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन के दौरान समाज के कई गणमान्य लोग और पदाधिकारी मौजूद रहे।



QUICK BITES

## श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट बोर्ड का हुआ पुनर्गठन, पहली बार महिलाओं और युवाओं को मिला स्थान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट शास्त्रीनगर के ट्रस्ट बोर्ड का सर्व सम्मति से पुनर्गठन हुआ। जिसमें पहली बार महिलाओं और युवाओं को ट्रस्ट में स्थान दिया गया। पुनर्गठित ट्रस्ट बोर्ड में भगवती देवी झांझरी एवं रसाली देवी पाटनी को संरक्षक मनोनीत किया वही सुनीता पाटनी, भूमिका जैन को ट्रस्टी मनोनीत किया। साथ ही युवा वर्ग में मयंक गंगवाल, राजेन्द्र छाबड़ा एवं विजय चौधरी को ट्रस्टी मनोनीत किया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि ट्रस्ट बोर्ड में प्रेमचंद सेठी को संरक्षक विजय झांझरी कार्याध्यक्ष, सुरेश कोठारी उपाध्यक्ष एवं लोकेंद्र जैन को सहमंत्री मनोनीत किया। इसके अलावा भारती सोनी को सांस्कृतिक सचिव एवं सुशील टोंग्या को मीडिया प्रभारी बनाया। सभी नए ट्रस्टियों को शीघ्र ही शपथ दिलाई जाएगी।

## शिक्षा से ही समाज का विकास, संगठन में ही समाज की शक्ति : सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



सैन समाज के पूज्य सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे बड़ा माध्यम है तथा संगठित समाज ही निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करता है। उन्होंने समाज में आपसी सहयोग, सम्मान एवं एकता बनाए रखने का संदेश देते हुए कहा कि एक-दूसरे का पैर खींचने के बजाय हाथ पकड़कर आगे बढ़ाने की सोच समाज को मजबूत बनाती है। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति एवं गौ माता के सम्मान का भी आह्वान किया। यह विचार उन्होंने बुधवार को भीलवाड़ा में आयोजित अपने जन्मोत्सव समारोह के दौरान व्यक्त किए। जानकारी देते हुए राहुल सेन ने बताया कि सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज रायका बाघ, जोधपुर से प्रस्थान कर भीलवाड़ा पहुंचे, जहां कमला पाम सोसाइटी के मुख्य द्वार पर समाजजनों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा एवं जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान सेन समाज के नागरिकों ने कॉन्ट्रैक्टर ओम प्रकाश सेन के नेतृत्व में केक काटकर सैनाचार्य जी का जन्मोत्सव मनाया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।

कार्यक्रम में गिरी माहेश्वरी, राजेश गोयल, उमेश बिश्नोई एवं भास्कर मानसिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं सेन समाज के लादू लाल सेन, गोपाल लाल सेन एवं राहुल सेन ने सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज का शाल एवं पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। कल्पना पाम सोसायटी महिला मंडल की ओर से कल्पना माहेश्वरी, मधु देवपुरा, जय शर्मा एवं ऋतु मानसिंहका ने भी महाराज श्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम में सेन समाज के गणमान्यजन, युवा एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जन्मोत्सव कार्यक्रम के पश्चात सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज रामगंज मंडी, कोटा के लिए प्रस्थान कर गए।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सांसद अग्रवाल व विधायक मीणा ने सीएचसी का किया भूमिपूजन, कई विकास कार्यों का लोकार्पण





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में क्रमोन्नत किए जाने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सांसद दामोदर अग्रवाल व विधायक गोपीचंद मीणा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य चौराहे से डीजे के साथ स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा एवं निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में करोड़ों रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया। इनमें सालरिया एनिकट रिनोवेशन कार्य, सवाईपुर सीएचसी भवन का शिलान्यास, गाड़रियों की कुई के पास चारदीवारी व सामुदायिक भवन निर्माण, तेजाजी चौक स्थित सार्वजनिक विश्रांति गृह, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो हॉल तथा ढेलाणा गांव में देवनारायण मंदिर के पास वाचनालय विस्तार कार्य शामिल रहे। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करने का भरोसा दिलाया, वहीं विधायक मीणा ने कहा कि सवाईपुर क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सवाईपुर को पुनः तहसील का दर्जा देने की मांग भी उठी, जिस पर विधायक मीणा ने जल्द सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व सरपंच, पीईईओ, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ व स्वर्ण कलश स्थापना समारोह आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** कस्बे में पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ तथा भगवान लक्ष्मीनाथ, नाहर सिंह माता और तेजाजी महाराज मंदिरों पर गुरुवार से स्वर्ण कलश स्थापना समारोह का भव्य आयोजन शुरू होगा। आयोजन को लेकर समिति और ग्रामीणों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से पूरी कर ली गई हैं तथा पूरे कस्बे को केसरिया पताकाओं से सजाया गया है।



आयोजन समिति के अध्यक्ष जमनालाल जोशी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में आकोला, होलीरड़ा, खजीना, इंदौकड़ा की झोपड़ियां और रघुनाथपुरा सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालु भाग लेंगे। यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री (दोवनी) के सान्निध्य में गुरुवार सुबह 7:15 बजे बनास नदी किनारे स्थित शिव मंदिर पर 201 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरी का महासंगम होगा, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए भ्रमण करेगी।

इसके बाद सुबह 10:15 बजे यज्ञ के लिए देवता आह्वान, अग्नि स्थापना एवं हवन प्रारंभ होगा। दोपहर में भगवान लक्ष्मीनाथ को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे प्रभात फेरी कस्बे में भ्रमण करते हुए बस स्टैंड, नाहर सिंह माता मंदिर और तेजाजी चौक मेला प्रांगण में संपन्न होगी, जहां प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि 8 बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।

आगामी कार्यक्रमों के तहत 1 मई से 4 मई तक गोवत्स ममता द्वारा तथा 5 मई से 8 मई तक पंडित अनमोल शास्त्री द्वारा नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन लक्ष्मीनाथ मंदिर चौक में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। 8 मई को प्रातः 7:15 बजे भगवान शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी, इसके बाद दोपहर 12:15 बजे लक्ष्मीनाथ, नाहर सिंह माता एवं तेजाजी महाराज मंदिरों के शिखरों पर स्वर्ण कलश स्थापना की जाएगी। दोपहर 1:15 बजे महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

यह आयोजन शिवालय के महंत रामस्नेही दास महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

# दो दिवसीय आयुर्वेद शिविर का समापन, 154 मरीजों को मिला लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

आयुर्वेद विभाग एवं विश्व आयुर्वेद परिषद, चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आयुर्वेद अग्निकर्म एवं विद्धकर्म चिकित्सा शिविर का समापन हो गया। यह शिविर 28 व 29 अप्रैल को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लेकर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ उठाया। समापन अवसर पर ब्लॉक प्रभारी डॉ. संजय नागर ने बताया कि दो दिनों में कुल 154 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां एवं परामर्श प्रदान किया गया।



शिविर के दौरान कटिशूल, त्वचा रोग, उदर रोग, वार्ट्स, रक्ताल्पता (एनीमिया) व अर्श जैसे रोगों का आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया। साथ ही मरीजों के हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, टाइफाइड एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई, जिससे उन्हें समग्र स्वास्थ्य लाभ मिला।

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा नागर एवं डॉ. रिजवाना खान ने महिला रोगों जैसे श्वेत प्रदर, मासिक धर्म अनियमितता, कमजोरी व हार्मोनल समस्याओं के संबंध में परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। वहीं विद्धकर्म विशेषज्ञ डॉ. अजय यादव व डॉ. संजय नागर ने अग्निकर्म चिकित्सा के माध्यम से चेहरे व गर्दन के मस्सों का सफल उपचार किया, जिससे मरीजों को त्वरित राहत मिली।

शिविर के सफल संचालन में कंपाउंडर रतनलाल, बंशीलाल, सीमा जाट, संजू गुर्जर एवं परिचारक सूर्यभान का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाएंगे। अंत में सभी सहयोगियों, चिकित्सकों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मेगा एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का हुआ आगाज़:

## हजारों बालिकाओं को मिला कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से मेगा एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का प्रभावशाली शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में बुधवार को जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 5076 बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाकर सुरक्षित भविष्य की सौगात दी गई।





**'टीकाकरण ही सुरक्षा का सशक्त कवच' – सीएमएचओ**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने अभियान को बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी भ्रम या आशंका में आए बिना अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं।

**एक डोज से दीर्घकालीन सुरक्षा**

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है, जो सर्वाइकल कैंसर से दीर्घकालीन सुरक्षा प्रदान करती है।

विशेष रूप से 14 वर्ष की आयु में एक ही डोज पर्याप्त सुरक्षा देने में सक्षम है। उन्होंने आमजन से किसी भी प्रकार के भ्रम या भय से दूर रहने का आह्वान किया।

**सशक्त मॉनिटरिंग और ठोस रणनीति से सफल क्रियान्वयन**

अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर विशेष मॉनिटरिंग टीमें गठित की गई जिन्होंने ब्लॉक स्तर तक समन्वय स्थापित कर निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप टीकाकरण सत्रों का संचालन किया। अभियान से पूर्व विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की गई, जिससे जनभागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण ने बताया कि अभियान की सतत निगरानी के लिए गूगल लिंक आधारित ऑनलाइन रिपोर्टिंग व्यवस्था लागू की गई है, जिससे रियल-टाइम डेटा अपडेट कर प्रगति पर प्रभावी नजर रखी गई।

**लक्ष्य की ओर मजबूत बढ़त, गुरुवार को उपलब्धि पोर्टल पर होगी अपलोड**

अभियान के दौरान जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 5076 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। अभियान के दौरान प्राप्त इस उपलब्धि को गुरुवार को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा।

# बसंत विहार, गांधीनगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्वस्थ समृद्धि योग एवं वेलनेस वर्कशॉप आयोजित

**योग, ध्यान और संतुलित जीवनशैली के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने पर दिया गया जोर, महिलाओं ने लिया स्वास्थ्य लाभ**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बसंत विहार, गांधीनगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्वस्थ समृद्धि योग एवं वेलनेस वर्कशॉप का आयोजन पार्थ वेलनेस सेंटर, गणेश मंदिर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सदस्याओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई। मंडल अध्यक्ष शोभा राठी एवं सचिव सुनीता लढा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को तन-मन से स्वस्थ एवं समृद्ध बनाना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ। सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। सफेद परिधान में आई महिलाओं ने एकरूपता का सुंदर संदेश दिया। कार्यशाला में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगासन एवं प्राणायाम के साथ लाफ्टर थेरेपी में




महिलाओं ने हँसते-हँसाते तनाव दूर किया। योग निद्रा के माध्यम से गहन विश्राम का अनुभव लिया गया। आँखों पर मिट्टी पट्टी से आँखों को शीतलता मिली, वहीं क्लैपिंग थेरेपी से ऊर्जा का संचार हुआ। फन विद योगा सत्र में खेल-खेल में योग का आनंद लिया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी आरुषि राठी, नम्रता कांकानी, श्वेता भूतड़ा एवं नेहा मुंदड़ा के कुशल प्रबंधन में कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। पार्थ योगा सेंटर हेड व सभी प्रभारी का सम्मान शशि अजमेरा, लीला काबरा, मंजू मोदानी, जया राठी, सीमा रांदेड़, शारदा कोगटा के द्वारा किया गया। कोषाध्यक्ष आरती लढा व संगठन मंत्री अमिता लढा का भी पूरा सहयोग रहा। प्रतिभागी महिलाओं ने इस स्वास्थ्यवर्धक पहल के लिए मंडल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# दौलजी खेड़ा में कल्लाजी राठौड़ मंदिर पर कलश स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

क्षेत्र के दौलजी खेड़ा स्थित कल्लाजी राठौड़ धार्मिक स्थल पर आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम के तहत बुधवार को कलश स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया।

यज्ञाचार्य बनवारीलाल शर्मा एवं नंदलाल नाथ के सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान में यजमान दंपतियों ने यज्ञ वेदी पर विधि-विधान से आहुतियां अर्पित की। इस दौरान भक्तिमय माहौल में मंदिर





शिखर पर कलश स्थापना की गई और देवनारायण भगवान व कल्लाजी राठौड़ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

समापन अवसर पर प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सनातन संस्कृति को मजबूती मिलती है तथा युवाओं में परंपराओं के प्रति आस्था बढ़ती है। उन्होंने कहा कि सामूहिक अनुष्ठानों से समाज में आपसी भाईचारा और एकता की भावना सुदृढ़ होती है।

इस अवसर पर मंदिर पुजारी कैलाश चंद्र, उदयलाल मीणा, भोपाजी सूरजमल मीणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान को संत समाज, संगठनों व जनप्रतिनिधियों का व्यापक समर्थन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गौ सम्मान आह्वान अभियान को देशभर के संत समाज, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों का निरंतर समर्थन मिल रहा है। श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि पूज्य गुरुदेव पंडित प्रदीप मिश्रा ने भी अभियान का समर्थन करते हुए इसे देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए आवश्यक बताया है।

कार्यवाहक अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, पीयूष डाड, कन्हैयालाल स्वर्णकार, गजानंद बजाज, सत्येंद्र बिड़ला, रजनीकांत आचार्य, बद्रीलाल सोमानी, ललित सोमानी, राजेश कुदाल, मंजू पोखरना एवं अलका जोशी ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा के दौरान परम पूज्य प्रकाश दास महाराज एवं साध्वी कपिला दीदी ने भी हजारों श्रद्धालुओं को गौ संरक्षण व सम्मान का संदेश दिया।

महामंडलेश्वर हंसराम जी महाराज ने भी वीडियो संदेश जारी कर अभियान में सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने पूर्व में अपने ट्रस्ट के माध्यम से प्रचार-प्रसार हेतु वाहन, ईंधन व चालक की व्यवस्था उपलब्ध कराई थी तथा सनातन महोत्सव के माध्यम से गौ रक्षा, सेवा व 'एक संगत-एक पंगत' का संदेश दिया।

बैकुंठधाम श्री खड़ेश्वर जी महाराज मंदिर समिति के संरक्षक तेजसिंह पुरावत, अध्यक्ष लीलाराम, सचिव राजेश नाहर सहित समिति के पदाधिकारियों ने भी अभियान का समर्थन किया। वहीं श्री पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मण दास महाराज, अंतरराष्ट्रीय उद्घोषक पंडित अशोक व्यास एवं गायिका हंसा व्यास ने भी गौ सम्मान के लिए समर्थन व्यक्त किया। विवेकानंद केंद्र के मीडिया प्रभारी सत्यम शर्मा ने भी अभियान के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए गौ माता को सम्मान देने की आवश्यकता बताई।

भीलवाड़ा सांसद प्रवक्ता विनोद झुर्रानी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और गौ सम्मान के प्रयास कृषि क्षेत्र को मजबूती देंगे तथा देश में समृद्धि लाएंगे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट लादूलाल तेली ने भी दूरभाष के माध्यम से समर्थन जताया।

इसी प्रकार विभिन्न सामाजिक संगठनों, जैन समाज, जीतो, महावीर नवयुवक मंडल एवं अन्य संस्थाओं ने भी अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया। अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान, मिस्ड कॉल व प्रधानमंत्री को ट्वीट कर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की जा रही है।

अभियान के अंतर्गत एकत्रित 61 हजार हस्ताक्षरों वाले प्रार्थना पत्र को विधायक अशोक कुमार कोठारी ने संतों के मार्गदर्शन में सिर पर धारण कर संकीर्तन रैली के साथ जिला कलेक्टर को सौंपा। इस दौरान उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने का आग्रह किया।

अंत में अभियान से जुड़े जिला प्रभारी जगदीश तेली, नंदकिशोर शास्त्री, आनंद कृष्ण एवं समस्त संत समाज ने सभी सहयोगियों व गौभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विधायक खेल विकास योजना में बढ़ रहा अभिभावकों का विश्वास

**गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर बच्चों की फुटबॉल एवं हॉकी स्पोर्ट्स अकादमी शुरू**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की अभिनव पहल 'खेलेंगे तो खिलेंगे' विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत एसएमएम गर्ल्स कॉलेज मैदान पर लगभग तीन माह पूर्व शुरू की गई नन्हे बच्चों की स्पोर्ट्स अकादमी को लगातार अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अभिभावकों का इस योजना पर विश्वास बढ़ता जा रहा है और वे अपने छोटे बच्चों को प्रशिक्षकों के भरोसे नियमित रूप से प्रशिक्षण के लिए भेज रहे हैं।

गर्ल्स कॉलेज के कोच दिनेश सोलंकी



एवं मनीषा सोलंकी ने बताया कि अकादमी में बच्चों को हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, हूला हूप, स्केटिंग, रनिंग सहित मिट्टी के मैदान पर खेले जाने वाले विभिन्न खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निरंतर अभ्यास से बच्चों में छिपी प्रतिभाएं भी सामने आने लगी हैं।

अभिभावकों ने इस सार्थक योजना का समर्थन करते हुए विधायक अशोक कुमार कोठारी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से बच्चों को मोबाइल, टीवी एवं इंटरनेट की लत से दूर रहने में मदद मिल रही है, साथ ही उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास भी बेहतर हो रहा है।

खेल विकास योजना के संयोजक शिक्षाविद विवेक निमावत एवं प्रमुख कोच अजीत जैन ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा के खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है, ताकि वर्ष 2036 के ओलंपिक में भी यहां के खिलाड़ी भागीदारी कर सकें।

# बाल सम्प्रेषण एवं किशोर गृह पालडी का आकस्मिक निरीक्षण: चार सदस्यीय समिति ने परखी व्यवस्थाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

उच्च न्यायालय की जुवेनाइल जस्टिस एवं पोक्सो कमेटी के दिशा-निर्देशों के तहत आज जिले में संचालित राजकीय बाल देखभाल संस्थान, सम्प्रेषण एवं किशोर गृह तथा शिशु गृह (पालडी) का औचक निरीक्षण किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अभय जैन के आदेशानुसार यह कार्रवाई संपन्न हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री



विशाल भार्गव की अध्यक्षता में पहुंची टीम ने संस्थान की बारीकियों को परखा। निरीक्षण के दौरान श्री भार्गव ने प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट श्रीमती देवागंनी ओदिच्य से गृह में रह रहे किशोरों के लंबित प्रकरणों और उनकी वर्तमान प्रगति के बारे में विस्तृत चर्चा की।

समाज कल्याण विभाग के जिला अधिकारी एवं अधीक्षक श्री गौरव सारस्वत से किशोरों के स्वास्थ्य, उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और दैनिक आहार की जानकारी ली गई। समिति ने विशेष रूप से बच्चों के जीवन कौशल और कौशल विकास प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

निरीक्षण दल ने परिसर की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, बालगृह के वातावरण और बच्चों के रहने की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान टीम के सदस्य डॉ. प्रियंक जैन, डॉ. असलम और श्रीमती चंद्रकला ओझा भी मौजूद रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बालकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना और संस्थान में सुधार की संभावनाओं को तलाशना था।

## QUICK BITES

### बड़लियास क्षेत्र में तीन जगहों पर लगी आग, धाकडों की झोपड़ियां स्कूल परिसर में भी लगी आग

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के बड़लियास कस्बे में तीन अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुई, जिससे पांच बिघा का खाखला व पेड़-पौधे जलकर राख हो गए, वही धाकडों की झोपड़ियां विद्यालय में भी आग लगी । एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के भवानीपुरा, धाकडों की झोपड़ियां व बड़लियास-चौधरियास रोड़ पर अज्ञात कारणों के चलते खेतों में आग लग गई, जिसमें भवानीपुरा में रामेश्वर लाल के खेत में खाखला जल गया, सूचना पर



भीलवाड़ा व मांडलगढ़ से पहुंची दमकलों ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जेसीबी मशीन से भी आग को बुझाने का प्रयास किया । वही धाकड़ो की झोपड़ियां में खेतों में लगी आग पास ही स्कूल तक पहुंच गई, आग से पेड़-पौधे और लकड़ियां जल गई ।

### अंतरराष्ट्रीय मुए थाई प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रिंकी सुखानी को मिला आर्थिक सहयोग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





मुए थाई (मार्शल आर्ट) की उभरती खिलाड़ी रिंकी सुखानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। रिंकी ने हाल ही में आयोजित 7वीं [illegible] नेशनल सीनियर मुए थाई चैंपियनशिप 2026 में 75 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी, जिसके बाद उनका चयन मुए थाई वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026, कुआलालंपुर (मलेशिया) के लिए हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए आवश्यक खर्च को देखते हुए अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट, हंसगंगा हरिशेवा चैरिटेबल ट्रस्ट तथा हरिशेवा धर्मशाला ट्रस्ट सहित विभिन्न संस्थाएं आगे आई और सहयोग प्रदान किया। इस क्रम में इन संस्थाओं द्वारा कुल ?1 लाख की राशि रिंकी सुखानी को दी गई, जो उनके अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भाग लेने में सहायक होगी।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी ने रिंकी को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि रिंकी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी और समाज का यह सहयोग उनके लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इस प्रकार का सहयोग मिलना आवश्यक है, ताकि वे वैश्विक मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### बिजौलिया के अनिमेष जोशी ने नवोदय चयन परीक्षा में जिला टॉप किया

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी ।** नवोदय विद्यालय कक्षा 9 के लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट 2026 में कस्बे के अनिमेष जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में ऑल ओवर मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।



जानकारी के अनुसार यह परीक्षा 7 फरवरी 2026 को श्री गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुलाबपुरा में आयोजित हुई थी। परिणाम घोषित होने के बाद से ही अनिमेष के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अनिमेष ने इससे पूर्व कक्षा 8वीं बोर्ड में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।

इस सफलता पर अनिमेष की दादी लीला देवी, पिता महेश जोशी, माता अंजना जोशी सहित परिवारजनों ने खुशी जाहिर की। वहीं गिरदावर, कमलेश सेन, अभिषेक सर्वा, महावीर लोढ़ा, एचवीएस स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा ईनाणी, टीना धाकड़, सीमा टेलर सहित विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासियों ने भी बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बैसाखी बुद्ध पूर्णिमा पर भव्य भजन संध्या का आयोजन 1 मई को

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**भीलवाड़ा।** कोहिनूर सेवा समिति के तत्वावधान में बैसाखी बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अहिंसा सर्किल, कोटा रोड स्थित गायत्री माता मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। समिति के प्रदेश संयोजक कवि रामनिवास 'रोनी राज' ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम महंत श्री श्री 1008 श्री जयराम दास जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। भजन संध्या के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जेलर हीरालाल गुर्जर उपस्थित रहेंगे। 01 मई, शुक्रवार को रात्रि 7.30 बजे से शुरू होने वाली इस भजन संध्या में आर.आर. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गायक कलाकार सविता काबरा एवं दिनेश काबरा अपने मधुर कंठ से भजनों की गंगा बहाएंगे। कार्यक्रम के दौरान कलाकार पिंकी सोनी द्वारा भगवान राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।